Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand for resumption of stoppages of trains at Jalamb railway station in Buldana district, Maharashtra.

श्री प्रतापराव जाधव (बुलढाणा): माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी को यह बताना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र बुलढाणा में एक जलंब जंक्शन नाम का रेलवे स्टेशन है। …(व्यवधान) कोविड महामारी के पहले वहां बहुत सारी रेलगाड़ियों के स्टॉपेजेज थे, लेकिन कोरोना के चलते वहां पर उनकी स्टॉपेजेज बंद कर दी गईं। …(व्यवधान) अब महाराष्ट्र में कोरोना बिल्कुल भी नहीं है। वहां से जिन लोगों को आना-जाना पड़ता है, उन्हें बहुत सारी दिक्कतें हो रही हैं। …(व्यवधान)

महोदय, मेरी आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से विनती है कि जलंब जंक्शन पर पहले जिन रेलगाड़ियों के स्टॉपेजेज थे, उन्हें वहां पर स्टॉपेज दी जाए और सभी रेलगाड़ियों के वहां रुकने के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दिए जाएं। …(व्यवधान)